कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.04.2025

विषय:- चोरी की बाइक व अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त प्रमोद कुमार थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर 01 नफ़र शातिर अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र संजय भारती निवासी सी 20/278 एच-2 नई पोखरी पिशाचमोचन थाना सिगरा वाराणसी को दिनांक-01.04.2025 को समय करीब 22.35 बजे ग्राम पहाड़ी में स्थित खेल कूद के मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद अवैध देशी तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के आधार पर थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-084/2025 धारा 2(30)/317(2) बी0एन0एस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त प्रमोद कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने करीब सात या आठ साल पूर्व सिगरा से यह गाड़ी चोरी किया था तथा इस गाड़ी का नम्बर प्लेट निकालकर चलाता था ताकि पकड़ा न जाऊँ। कल रात में मैं एक मैदान में एकांत में बैठकर तमंचा लेकर आने-जाने वाले राहगीरों पर नजर रख रहा था कि अंधेरे का फायदा उठाकर उन्हें डरा धमकाकर कुछ पैसे या माल छीन लूंगा लेकिन तब तक आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
प्रमोद कुमार पुत्र संजय भारती निवासी सी 20/278 एच-2 नई पोखरी पिशाचमोचन थाना सिगरा वाराणसी, उम्र 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम पहाड़ी में स्थित खेल कूद के मैदान के पास से, दिनांक 01.04.2025 को समय करीब 22.35 बजे।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल होण्डा लिवो रंग काला बिना नम्बर प्लेट जिसका चेचिस नं0-ME4JC711JFT012922 व 01 अदद अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 084/2025 धारा 2(30)/317(2) बी0एन0एस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 095/2018 धारा 379 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 576/2021 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना कैंट कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 414/2021 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 420/2021 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय, उ0नि0 राज दर्पण तिवारी, उ0नि0 सुरेन्द्र यादव, का0 रामकुमार व का0 प्रेमचन्द्र थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।